दिनांक 01, जनवरी, 2026

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में आज 24592 दर्शक प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आये। आज सुबह से ही दर्शकों का हुजूम प्राणि उद्यान का भ्रमण करने के लिए उमड़ने लगा और यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। 01 जनवरी को प्राणि उद्यान आने वाले दर्शकों की संख्या विगत 2 वर्षों की अपेक्षा अधिक दर्ज की गयी। वर्ष 2024 एवं 2025 में दिनांक 01 जनवरी को क्रमशः 17507 एवं 17630 दर्शकों द्वारा प्राणि उद्यान का भ्रमण किया गया जो कि इस वर्ष 2026 में 24592 हो गयी। मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार है–

- आज प्राणि उद्यान में कुल 6692 बच्चों द्वारा प्राणि उद्यान का भ्रमण किया गया एवं इन बच्चों ने चिल्ड्रेन पार्क में लगे नये झूलों का आनन्द उठाया।
- आज बालरेल में कुल 1316 दर्शकों द्वारा बालरेल का आनन्द लिया गया।
- तितली पार्क में कुल 135 दर्शकों द्वारा तितली पार्क का भ्रमण किया गया।
- कैन्टीन एवं फूड कोर्ट में दर्शकों द्वारा लज़ीज व्यंजनों का स्वाद लिया गया।
- प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा शौचालयों की साफ–सफाई पर विशेष जोर दिया गया। दर्शकों द्वारा बताया गया कि इतनी भीड़ होने के उपरान्त भी उन्हें शौचालय साफ–स्वच्छ दिखायी दिये।
- आज प्राणि उद्यान घूमने आये लोगों में 15–20 लोगों के बच्चे भीड़ में खो गये जिन्हें प्राणि उद्यान के सुरक्षा कर्मियों की चुस्त–दुरूस्त सुरक्षा व्यवस्था होने से प्राणि उद्यान के सुरक्षा कर्मियों ने कुछ ही समय में बच्चों को खोज कर उनके माता–पिता के पास सकुशल पहुँचा दिया, जिससे खोये हुए बच्चों के माता–पिता प्राणि उद्यान की सुरक्षा–व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राणि उद्यान प्रशासन का आभार जताया।

प्राणि उद्यान के दोनों प्रवेश द्वारों पर स्थित पार्किंग भी पूरी तरह भरी हुई थी एवं पार्किंग व्यवस्था पूर्णतः सुदृढ़ थी। प्राणि उद्यान की बाल रेल के प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में दर्शक बाल रेल की प्रतीक्षा करते नजर आये। प्राणि उद्यान के डालीबाग द्वार संख्या–2 पर स्थित सेल्फी प्वाइंट पर दर्शकों ने खूब फोटो खींची। अपने अविभावकों के साथ आये बच्चों के साथ–साथ उनके माता–पिता ने बाल रेल की सवारी कर खूब मनोरंजन किया। बालरेल स्टेशन पर दर्शकों की कतारें लगाकर बालरेल का इन्तजार करते नज़र आये। दर्शक, एन्ट्री प्लाजा में बने झरने एवं सेल्फी प्वाइंट पर फोटो/सेल्फी लेते नज़र आये। दर्शकों ने कहा एन्ट्री प्लाजा

में दर्शकों के बैठने हेतु बहुत अच्छी व्यवस्था है एवं यह अत्यन्त सुन्दर व आकर्षक है। हाल ही में चिल्ड्रेन पार्क में लगे नये झूलों पर बच्चों ने खूब झूला झूलकर स्वस्थ मनोरंजन किया। दर्शकों ने बब्बर शेर, जिराफ, जेब्रा, टाइगर, गेंडा, भालू एवं हिरन के मॉडलों के साथ फोटो खीची। आज प्राणि उद्यान में दर्शकों की भीड़ को देखते हुए नरही स्थित मुख्य द्वार पर टिकट घर में 8 टिकट काउण्टरों पर टिकट देने की व्यवस्था की गयी थी तथा डालीबाग गेट पर 5 काउण्टरों पर कुल 13 टिकट काउण्टरों पर टिकट देने की व्यवस्था थी। सभी कर्मचारियों को वर्दी में रहने के निर्देश दिये गये थे। सभी कर्मचारी अपनी वर्दी में थे। पुलिस (महिला एवं पुरूष) की प्राणि उद्यान की अन्दर एवं बाहर तैनात थे।

दर्शकों का इतनी अधिक संख्या में प्राणि उद्यान में आने का मुख्य कारण प्राणि उद्यान में दर्शकों के लिए नई–नई सुविधाएं विकसित किया जाना तथा उच्च स्तर की साफ–सफाई एवं रख–रखाव किया जाना है। निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ, श्रीमती अदिति शर्मा ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

(–ह0–)<br>(अदिति शर्मा)<br>निदेशक<br>नवाब वाजिद अली शाह<br>प्राणि उद्यान, लखनऊ